# नगर परिषद ओंकारेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत वैध-अवैध गेस्ट हाउस संचालक को निकाय ने थमाए नोटिस

**ओंकारेश्वर - ( नि प्र )। भवन/भूमि स्वामित्व / भवन अनुज्ञा संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के संबंध में ओंकारेश्वर में सूचना पत्र जारी किया है। सीएमओ सतीश पाटीदार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पर .नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में अवैध अतिक्रमण शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से भवन, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, होटल, लॉज इत्यादि निर्माण संचालित किया जा रहा है।**

साथ ही आवासीय भूमि पर दुकान, गेस्ट हाउस, होटल, धर्मशाला का निर्माण कार्य किया जाकर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। साथ ही आपके भवन से से निकलने वाला गंदा पानी एवं मलमूत्र भी सीधे नालियों में छोडे जाने से नालियों के माध्यम से सीधे नर्मदा में जा रहा है, और न ही आपके द्वारा किसी प्रकार वैध पंजीयन कराया गया है। शासकीय भूमि पर



अवैध रूप से बहुमंजिल पक्का निर्माण कार्य कर अतिक्रमण किया गया है। जो कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 का उल्लघंन किया गया है। वर्तमान मे बिना सक्षम निर्माण अनुमति कार्य किए जा रहे संचालन साथ ही ओकारेश्वर नगरीय क्षेत्र में व्यवसाय हेतु ई नगर पालिका पोर्टल नगर पालिका / परिषद अधिनियम 1961 की धारा 260 के अंतर्गत निर्मित उपविधियों के अंतर्गत जारी व्यवसाय लायसेंस (अनुज्ञप्ति) प्राप्त नही कि गई है। जो शासन के आदेश की अवेहलना है। इस हेतु निम्न दस्तावेज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें . भवन अनुज्ञा की सक्षम स्वकृति. ई-नगर पालिका का ट्रेड लाईसेंस. भवन / भूमि संबंधित दस्तावेज, 03 दिवस के भीतर दस्तावेज उपलब्ध नहीं करने वालों के अवैध निर्माण कार्य हटा देवें एवं आपके भूमि/भवन निर्माण अनुज्ञा / स्वामित्व के दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्तिच करें। अन्यथा निकाय द्वारा अवैध निर्माण/अतिक्रमण एवं वैधानिक कार्यवाही की जावेंगी, जिसकी समस्त जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।


## तंबाकू मुक्त तीर्थ स्थल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया

**ओंकारेश्वर [ नि प्र ]** ओकारेश्वर बनेगा तंबाकू मुक्त धार्मिक स्थल नगर परिषद में तंबाकू मुक्त धार्मिक स्थल अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन (MPVHA) के राज्य समन्वयक, तम्बाकू नियंत्रण आनंद वर्मा ने बैठक में प्रशिक्षण देते हुए संभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा COTPA अधिनियम एवं प्रवर्तन प्रक्रिया पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए प्रभावी पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। साथ ही, तंबाकू मुक्त पवित्र स्थल की घोषणा हेतु चेकलिस्ट भी साझा की। सीएमओ सतीश पाटीदार ने



बताया कि प्रशिक्षण में ही तम्बाकू मुक्त ओंकारेश्वर हेतु कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर योजना पर शनिवार से अमल प्रारंभ किया जा रहा है। तम्बाकू मुक्त ओंकारेश्वर बनेगा की कल से उदघोषणा किया जाएगा और जन सामान्य एवं दूकान दरो को सचेत किया जावेगा। आगामी माह के 2 अक्तूबर 2025 गाँधी जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के सम्पूर्ण मंदिर क्षेत्र यथा मंदिर, घाट परिसर, समस्त पार्किंग, प्रसाद काउंटर, टिकट काउंटर, अनक्षेत्र (इत्यादि) तम्बाकू मुक्त घोषित किये जायेंगे। कार्यक्रम में नगर परिषद, शिक्षा, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित 30 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रवर्तन की व्यावहारिक प्रक्रिया, समाधान एवं हाथों-हाथ अभ्यास कराए गए, ताकि ओंकारेश्वर क्षेत्र को प्रभावी रूप से तंबाकू मुक्त धार्मिक स्थल घोषित किया जा सके।

## शनेश्वरी अमावस्या पर उमड़ी ओंकारेश्वर में उमड़ी आस्था की भीड़



**ओंकारेश्वर (निप्र)।** भाद्रपद पोला शनेश्वरी अमावस्या पर उमड़ी ओंकारेश्वर में उमड़ी आस्था की भीड़। ब्रह्म मुहूर्त में लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचे। नर्मदा में डूब के लगाकर बाबा ओंकारेश्वर ममलेश्वर के दर्शन लाभ लिया। पंडित अंतिम जोशी ने शनिश्चरी एवं ओला अमावस्या का महत्व बताते हुए कहा आज के दिन पवित्र नदी में स्नान एवं दान करने का बड़ा महत्व है अन्य महत्व बताएं आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त बल घाटों एवं मार्गों पर तैनात किया गया। थाना प्रभारी ए. के . सिंधिया व्यवस्था में दिखाई दिए। नगर परिषद के लापरवाही के चलते मवेशियों का जमावड़ा लगा रहा मार्गो पर यातायात व्यवस्था बाधित हुई। उदधोषणा केंद्र से उद्घोषणा नहीं होने से श्रद्धालु काफी परेशान और सुविधा महसूस कर रहे थे। श्रद्धालु गहरे पानी में स्नान कर रहे थे।

## सेवासदन विधि महाविद्यालय के षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**बुरहानपुर।** देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इंदौर द्वारा घोषित सेवासदन विधि महाविद्यालय, बुरहानपुर के एल.एल.बी. (ऑनर्स) षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। महाविद्यालय में आदित्य अन्नपूर्वा ने 62.72 प्रतिषत अंक प्राप्त प्रथम स्थान अर्जित किया। साथ हीं द्वितीय स्थान पर छात्र मनोज मोदी ने 61.57 प्रतिषत अंक प्राप्त किये एवं महेन्द्र वानखेडे ने 61.10 प्रतिषत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय एवं बुरहानपुर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर सेवासदन षिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने छात्र/छात्राओं मिठाई खिलाकर सम्मान किया और कहा कि हमें गर्व है कि विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करते आ रहे है, इस सफलता का श्रेय संस्था की आधुनिक षिक्षण पद्धती सर्वसुविधायुक्त संसाधन, गुरूजनों के अध्यापन एवं विद्यार्थियों की कडी मेहनत को जाता है। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, उपाध्यक्ष एवं विधि विभाग प्रमुख सुरेषचंद्र मुंषी, मैनेजर मनीष पटेल, विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मोहनलाल सोनी, सेवासदन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, प्रो. शैलेन्द्र पचौरी सहित समस्त स्टॉफने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बुरहानपुर पुलिस द्वारा डायल नंबर 112 एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 7049136100 नंबर का किया जा रहा है प्रचार

**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार अब जिले में सुरक्षा सहायता हेतु पूर्व में संचालित डायल 100 की जगह डायल नंबर 112 पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के नागरिक किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, घटना या अपराध की सूचना इस नंबर पर देकर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर थाना प्रभारी अभिषेक जाधव एवं स्टाफद्वारा ग्राम दाहिन्दा हाट बाजार में ष्डायल नंबर 112 एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 7049136100 नंबर का किया जा रहा है प्रचार प्रसार बालकए बालिका एवं महिलाएँ यदि किसी भी प्रकार की घटना या अप्रिय स्थिति का सामना करते हैं तो वे तत्काल उक्त हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। यह हेल्पलाइन न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

## जनजातीय समुदाय ने मनाया नवाई त्यौहार, भोग लगाकर व्यक्त की कृतज्ञता

**नेपानगर।** सागफ़ाटा में जनजातीय समुदाय नवाई त्यौहार मनाता है मान्यता है की जनजातीय समुदाय मनाई त्यौहार के माध्यम से नई फसल का भोग तैयार करके ईश्वर को चढाते हैं जिसके बाद पारपरिक नृत्य और गीत गाते हैं। जयश ब्लाक अध्यक्ष जगदीश कनासे के अनुसार तीन दिवसीय त्यौहार में घर के आँगन को गोबर के लिपा जाता हैं फिर गाँव में



बडवा घुमाते हैं और खेत में दाल चावल का भोग में चवली की फल्ली का उपयोग किया जाता है यह भोग किसान, जुताई के सामान को चढाते हैं जिसमे ककड़ी भी शामिल होती हैं।

## रेलवे क्रासिंग के दौरान ट्रेन की चपेट मे आने से मौत

**नेपानगर।** नेपानगर के आईटीआई कॉलेज मे अध्यनरत छात्र अंतिम (18) पिता सुकराम पवार की रेलवे क्रासिंग के दौरान मौत हुई हैं। मृतक अंतिम पवार खरगोन जिले का निवासी है घटना शुक्रवार रात 9.30 बजे की हैं जब अंतिम पवार बड़ी मस्जिद के पास से रेलवे पटरी पार कर रहा था और उसी दौरान ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हुई। इस जगह गोलाई होने से रेल दिखाई नही पड़ती है जिस



कारण आये दिन यहाँ घटनाएं होती रहती हैं। नेपा थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल के मृतक पढ़ाई के लिए नेपा आया था। जिसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सोप दिया है और मर्ग कायम कर जांच जारी हैं।



## रामलीला मैदान में पोला फोड़- मटकी फोड़ और चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**नेपानगर।** वार्ड 13 में रामलीला मैदान में प्रतिवर्ष प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाता हैं वार्ड पार्षद गिरीश निकम ने बताया की पोला प्रतियोगिता में गंगाधर बहिल्लावे विजेता बने वही मटकी फोड़ में पहले स्थान पर शिवांशु चौहान दुसरे पर पूर्वी नायक वजेता रही एवं बॉयज चेयर रेस में प्रत्युष शाह और राहुल जाधव, गर्ल्स चेयर रेस में पहले स्थान पर आस्था राजपूत और दुसरे स्थान पर रूही चौहान विजेता रही जिन्हें पुरुस्कृत भी किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष भारती पाटिल, उपाध्यक्ष सरला काटकर, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश चौहान, प्रकाश सिंह बैस, विजय यादव, अमरसिंह पवार,प्रकाश पवार,दीपक गवई, लोकेन्द्र शाह, भरत पाटिल,राजा श्रीवास्तव और गणमान्य उपस्थित रहे।

## सी-टाइप में मिला 10 फीट का पायथन अजगर, एरिक साइमन ने किया रेस्क्यू



**नेपानगर।** नेपानगर की सी-टाइप कॉलोनी में शुक्रवार की देर रात निवासी राजकुमार राजपाल को घर के बाहर अजगर दिखने से अफरा-तफरी मच गयी जिसके बाद सर्प रेस्क्यू के महारथी एरिक साइमन द्वारा अजगर को काफी मशक्क़त के बाद रेस्क्यू किया गया और साइमन ने बताया की 10फीट लम्बे अजगर का वजन 25 किग्रा.है जो पायथन प्रजाती का हैं जिसे सुबह होने पर जंगल में छोड़ा गया।

## पूर्व मंत्री स्व. तनवंतसिंह जी कीर की जन्म जयंती हर्ष उल्लास से मनाई गई



बुरहानपुर । मण्प्रण् शासन के पूर्व मंत्री एवं गुरु गोबिंद सिंह डेंटल कॉलेज के संस्थापक स्व श्री तनवंत सिंह जी की 23 अगस्त को बुरहानपुर के गुरु गोबिंद सिंह डेंटल कॉलेज परिसर में जन्म जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गयी । इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर मालार्पण उपेंद्र सिंह जी कीर,पूर्व विधायक श्री हामिद काजी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रोफेसर डॉ वीरेंदर निर्झर, शैली कीरजी, संजय चौकसी,डॉ एस.एम तारिक,कृष्ण कुमार सुखवानी, आशीष भगत, डॉ मिसाल, डॉ पाटिल एवं प्राचार्य श्री वी कृष्णा द्वारा किया गया । अनेक गणमान्य लोगो ने श्री तनवंत सिंह जी के जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक स्मरण कर आदरांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके जीवन और व्यक्तित्व पर हामिद काजी,सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संजय चौकसे, आशीष भगत और डेंटल कॉलेज के प्राचार्य व्ही कृष्णा ने उनके परोपकारी व लोग कल्याणकारी जीवन पर डालते हुए उनके व्यक्तित्व को नमन करते हुए ,विधायक हामिद काजी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने उन्हें देश सेवा को समर्पित एक प्रेणादायिक व्यक्तित्व बताया इस अवसर पर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य व्ही कृष्णा ने कहा की श्री कीर साहब की दूरदर्शी सोच ने गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज की स्थापना बुरहानपुर ही नहीं बल्कि अनेको प्रदेशो के छात्रों का भविष्य बनाने का स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराकर रचनात्मक सेवा का उल्लेखनीय कार्य किया है आज इनके द्वारा स्थापित डेंटल कॉलेज से करीब 1000 छात्र.छात्राये चिकित्सक बन कर प्रदेशो में लोगो की सेवा कर रहे है । इस अवसर पर संजय चौकसे,आशीष भगत, कृष्ण कुमार सुखवानी ने भी श्री कीर साहब के जीवन व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला , श्री कीर साहब के जन्म दिवस पर डेंटल कॉलेज के अनेक छात्र छात्राओं के साथ टीचिंग स्टाफ एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के अलावा सत्यप्रकाश कपूर, रजनीश जोशी,दिलीप तायडे उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन छात्र प्रतिनिधि कुमारी स्वप्नांजलि गायकवाड़ एवं कशिश जोशी ने किया अंत में आभार प्रदर्शन वी कृष्णा ने किया।

## देवरी माल हर्षोल्लास के साथ धुमधाम से पोला मनाया



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिला महाराष्ट्र से लगा होने के कारण यहा महाराष्ट्र की तरह अनेक उत्सव मनाए जाते है। ऐसा ही एक उत्सव पौला उत्सव बुरहानुपर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को धुमधाम से मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुवें राजुभाई पटेल ने बताया कि ग्राम देवरी माल में भी पोला उत्सव पर ग्रामीणों ने बैलो को सजाकर ,उन्हे पुरनपोली खिलाकर ग्राम भ्रमण कराया। द्वार-द्वार श्रंगारीत बैलो का पुजन किया गया। ग्राम के ही मनन पटेल,पुलकेश पाटीदार,राहुल पटेल,सौम्य पटेल,करन गुप्ता ,संटी दूबे,गणेश, गुलाब, भिका,अमा,कदीर,राजू, बशीर,कमल सिंग,आत्मा राम,बाढ़ूं, गजिया़ ने बताया कि यह पौला उत्सव गतवर्षानुसार देवरी माल में धुमधाम से मनाया गया।

## शासकीय कन्या माध्यमिक शाला के स्कूली बच्चों ने किया थाना कोतवाली का भ्रमण

### साइबर एक्सपर्ट द्वारा बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में किया गया जागरूक

**बुरहानपुर। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला शनि मंदिर की छात्राओं एवं टीचर स्टाफ द्वारा थाना कोतवाली का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों को पुलिस कार्यप्रणाली,कानून व्यवस्था तथा जनसुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।**

थाना प्रभारी कोतवाली ने बच्चों को महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्राओं को



छेड़छाड, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट जैसे मामलों की जानकारी दी तथा ऐसे अपराधों की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112ए महिला हेल्पलाइन 70491.36100 एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की।

इसके अलावा साइबर एक्सपर्ट आरक्षक दुर्गेश पटेल द्वारा बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि ऑनलाइन गेम्स, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी लिंक,ओटीपी शेयरिंग, साइबर बुलिंग आदि से बचाव के लिए सतर्क रहना आवश्यक है। उन्हें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। भ्रमण के दौरान बच्चों ने थाना परिसर का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों से प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को रोचक एवं उपयोगी बताया।

## केले फसल विक्रय को सुचारू,बेहतर और पारदर्शी बनाएंगे -अर्चना चिटनिस

**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में किसानों की कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसमें प्रमुख रूप से बुरहानपुर जिले की जीवन रेखा केले फसल विक्रय को सुचारू,बेहतर और पारदर्शी बनाने पर निर्णय लेने के लिए सुझाव रखे गए।



विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि विगत 15 वर्षों में जिलेभर में अनेक तालाबों के निर्माण की वजह से सिंचाई के साधनों में अत्याधिक वृद्धि हुई है। उसी के परिणामस्वरूप रबी की फसलों का रकबा बढने़ के साथ ही केला फसल का रकबा भी बहुत अधिक बढ़ा है। जो विगत 10 वर्षों में लगभग दुगना होकर 15 हजार हेक्टेयर रकबा से बढ़कर वर्तमान 30 हजार हेक्टेयर रकबा हो चुका है। फसल की समयावधि कम हुई है। एक वर्ष के अंदर केला तैयार होकर कट रहा है। साथ ही केले की गुणवत्ता और उत्पादन में बहुत सुधार हुआ है। इसी की वजह से अपने जिले का केला विदेशों में अधिक मात्रा में निर्यात हो रहा है। केले की फसल के लिए बुरहानपुर की प्रसिद्धी देश में है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह सर्वविदित है कि सभी फल एवं सब्जिया बहुत ही संवेदनशील फसलें है। इसके भाव किसी के भी हाथ में नही होते यह उत्पादन एवं मांग के आधार पर निर्भर करते है। फिर भी सभी पक्षों की ओर से प्रयास कर इस व्यवस्था को अधिकतम पारदर्शी, समन्जस्यपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाए रखने की जिम्मेदारी हमारी सभी की है। श्रीमती चिटनिस ने किसानों से चर्चा उपरांत सुझाव दिया कि राजस्व विभागए कृषि उपज मंडीए कृषि विभागए उद्यानिकी विभाग के सहयोग गिरदावरी अनुसार किसानों, व्यापारियों,केला ग्रुप के नाम,मोबाईल नंबर एवं पते की सूची जारी करें। इससे आपस में व्यवहार करने में और अधिक सुविधा एवं पारदर्शीता आएगी। जब कभी भी प्रतिकूल अवस्था आएंगी या केले के भाव में मंदी आएगी तब यह बहुत ही उपयोगी होगा। इसके साथ ही शासन की योजनाओं,नीतियों एवं समस्त जानकारियों के आदान.प्रदान करने हेतु तकनीकी का उपयोग किया जा सकेगा। अनुकूल या प्रतिकुल परिस्थितियों में यह डाटा उपयोगी रहेगा।

**यह आए सुझाव-** किसानों ने कहा कि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाएए जो सभी के हित में हो। सभी वर्गों से चर्चा कर सुझाव मांगकर सामंजस्य से सौहार्दपूर्ण वातावरण में केला उत्पादक किसान, केला ग्रुप, केला व्यापारी एवं कृषि उपज मंडी मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। इस टेक्नोलॉजी के युग में हमारी बुरहानपुर मंडी की ऑनलाईन अथवा यूट्यूब पर व्यवस्था बनाएए जिससे देशभर के व्यापारी बुरहानपुर केला मंडी को निलाम / भाव का सीधा प्रसारण देख सकें। ऐसा एप्प भी बनाया जाए। कृषि उपज मंडी में स्थित डिसप्ले बोर्ड पर भी अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध हो जैसे अधिकतम भाव, निरस्त हुई गाड़ी संख्या, कुल गाड़ी की संख्या गुणवत्ता.रास अन्य जानकारी हो। केला नीलामी के समय आवश्यकतानुसार मंडी के भारवाहक अधिकारीए अनुविभागीय अधिकारी या मंडी सचिव की उपस्थिति भी व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगी। साथ ही निलामी सभागृह के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगना चाहिए। पर्याप्त लाईट, साउंड, पंखे एवं पेयजल व्यवस्था एवं संपूर्ण परिसर की स्वच्छता को भी वातावरण को बेहतर बनाने के लिए सुनिश्चित किया जाए। किसानों के प्रतिनिधि मंडल में गुलचंद्रसिंह बर्ने, अरूण पाटिल, किशोर पाटिल, मुकेश शाह,वीरेन्द्र तिवारी, प्रदीप पाटिल, गोपाल चौधरी, समर्थ चिटनिस, वैभव महाजन, स्वप्निल पाटिल,मयूर पाटिल, संदीप पाटिल, गफ्फार मंसूरी, अमोल चौधरी, योगेश मोतेकर, सचिन महाजन एवं चंदन महाजन सहित अन्य किसान व जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा कर्मचारी अधिकारी स्नेह सम्मेलन संपन्न

**बुरहानपुर।** आप एक कदम चलिए मैं 100 कदम चलूंगा संगठन कर्मचारियों के हितों के लिए कर्मचारियों की समस्या को दूर करने के लिए बनाए जाते हैं उपरोक्त उद्गार कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने एशिया की सबसे बड़ी मिर्ची मंडी बेडिया़ में कर्मचारियों अधिकारियों सम्मेलन में बात



कही है खरगोन जिले के मंडी कर्मचारियों द्वारा संपूर्ण जिले के मंदिरों की कर्मचारी अधिकारी को सम्मेलन आयोजित किया गया । जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी भाई बहन शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित ने संबोधन करते हुए कहा कि सही संघर्ष मोर्चा का गठन कर्मचारी हित के लिए किया गया है संयुक्त संघर्ष मोर्चा भोपाल द्वारा सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों अधिकारियों का स्थाईकरण किया गया। कृषि संचालनालय को निरस्त करवाया, दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करवाया और मंडी बोर्ड के इतिहास में सबसे बड़ा आंदोलन कृषि कानून को निरस्त करने के लिए किया गया जिसमें हम 100रू सफल हुए और सभी कर्मचारियों को अधिकारियों को एक सेवा के अंतर्गत सहायक कार्यालय सहायक से लेकर प्रबंध संचालक तक एक मंडी सेवा में लाने का कार्य किया अभी मंडी बोर्ड की 135 बैठक में आवेदन का कार्य प्रस्तावित किया गया है जो शासन के पास विचाराधीन है वह भी बहुत जल्द हो इसके लिए प्रयास किए जाएंगे ।

इस अवसर पर नवनियुक्त खरगोन जिला के अध्यक्ष नितिन पाटीदार महिला जिला अध्यक्ष स्मिता चौहान संभागीय अध्यक्ष योगेश बर्वे ,राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ठाकुर अरविंद सिंह ,संघर्ष मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सदानंद कापसे,सेवानिवृत कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुभाष महाजन,मंडी कर्मचारी महासंघ के उल्लास पटेल, गोविंद वाभले,शाहरुख खान सहित भारी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे ,कार्यक्रम का शानदार संचालन विमल शर्मा द्वारा किया गया ,आभार रामकरण बिरला द्वारा माना गया।